मारवाड़ राजपूत सभा ने राजपूत प्रतिभाओं का सम्मान किया

जोधपुर, (कासं) । पूर्व महाराजा गज सिंह ने कहा कि राजपूत समाज की प्रतिभाओं का सम्मान अच्छा कार्य है। प्रतिभाओं के सम्मान से उन्हें आगे बढ़ने का हौसला मिलता हैं और अन्य युवाओं को भी इससे प्रेरणा मिलती है।

पूर्व महाराजा गज सिंह आज रविवार को मारवाड़ राजपूत सभा भवन में मारवाड़ राजपूत सभा द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय राजपूत प्रतिभा सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए समारोह को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा की प्रतिभाओं के सम्मान से उन्हें प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा आज बड़ी संख्या में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान हुआ है। ऐसे कार्य समाज की संस्थाओं द्वारा निरंतर होते रहने चाहिए। उन्होंने समारोह में युवा वर्ग द्वारा सोशल मीडिया के उपयोग करने पर कहा कि इसमें अच्छाई व बुराई दोनों है। युवाओं को इसका उपयोग अच्छाई के लिए करना चाहिए, अपने अध्ययन में सहयोग के लिए करना चाहिए। युवा सोशल मीडिया का दुरुपयोग नहीं करें क्षित्रय का कार्य हमेशा नारी रक्षा का रहा है। जहां कहीं भी नारी पर अत्याचार हो क्षित्रय मुखर होकर इसका विरोध करें। उन्होंने कहा जमाना अब कुरीतियों त्यागने का है , अच्छाइयों को ठाहण करने का है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति ,भाषा व रीति रिवाजो का संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा ,बाल विवाह व नशा प्रवृत्तियों व ओसर मौसर की रोकथाम के लिए समाज को आगे जाकर कार्य करना होगा।

उन्होंने पूर्व सांसद डॉ नारायण सिंह माणकलाव द्वारा संचालित राजपूत शिक्षा कोष के कार्य की सराहना करते कहा कि इस कार्य में समाज के लोगों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने मारवाड़ राजपूत सभा द्वारा सभा भवन परिसर में बहुउद्देशीय विश्रामगृह निर्माण का जो कार्य करवाये जाना वाला है , एक अच्छा निर्णय है। इसके लिए समाज के भामाशाह सहयोग करें, एम्स के सामने जो भवन लिया उसमें आरोग्य भवन निर्माण के लिए समाज के दानदाता व भामाशाह आगे आकर पूरा सहयोग करें, ताकि एक बेहतरीन भवन बन सके। महाराजा गज सिंह ने प्रारंभ में मारवाड़ राजपूत सभा द्वारा बनाए जा रहे बहुउद्देशीय विश्रामगृह के लेआउट प्लान का भी अवलोकन किया। उन्होंने नाथोजी जयंती के पोस्टर का भी विमोचन किया।

जोधपुर में पूर्व महाराजा गज सिंह ने राजपूत समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

समारोह के मुख्य अतिथि शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे समाज को महाराजा गज सिंह जैसे व्यक्तित्व का संरक्षण मिल रहा है, इनकी अंतरराष्ट्रीय ख्याति हैं। इनके संरक्षण में सभी संस्थाएं फल फूल रही है । उन्होंने कहा कि ई डब्ल्यू एस का केन्द्र सरलीकरण करे। इसके लिए सभी आवाज उठाएंग। उन्होंने कहा कि क्षित्रय हमेशा नेतृत्व करने वाला रहा है , छतीस कौम को साथ लेकर चलने वाला है।

उन्होंने कहा आज के जमाने में कोई कुरीति है उसे त्यागे अन्य समाज हमारे से प्रेरणा लेते है। समाज के महापुरुषों , योद्धाओं के नाम पर विश्व विद्यालय ,संस्थाओं का नामकरण के प्रयास किए जाने चाहिए। युवाओं को नशा से बचाना व सही मार्ग दिखाते रहना है।

उन्होंने कहा कि जोधपुर एयरपोर्ट का निर्माण आ धुनिक मारवाड़ के निर्माता महाराजा उम्मेद सिंह ने करवाया , उनके नाम पर शीघ्र एयरपोर्ट का नाम हो , बाहर का मार्ग का तो नामकरण हो गया । एम्स का नामकरण मीराँ बाई एम्स करने का तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय तय किया था लेकिन अभी तक उसका नामकरण नहीं किया है , शीघ्र किया जाए, इसके लिए भी पूरे प्रयास हो। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान अच्छा कार्य है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि विधायक सिवाना हमीर सिंह भायल ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन समाज के लिए अच्छी पहल व प्रयास है। विशिष्ट अतिथि संत समतराम महाराज में कहा कि जीवन एक अवसर है, समाज में बहुत सी प्रतिभाएं हैं, उन्हें पहचान कर तरासने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग जीवन का लक्ष्य तय कर आगे बढ़े, सफलता अवश्य मिलेगी। महामंडलेश्वर सोमेश्वर गिरी जी महाराज ने कहा कि जीवन में शिक्षा का महत्व है। आज प्रतियोगिता का युग है, कड़ी मेहनत की आवश्यकता है और मेहनत करने वाला हमेशा सफल रहता है। समारोह को उपायुक्त नगर निगम श्रीमती पुष्पा सिसोदिया व ठ्राप कमांडर एन सी सी जितेंद्र सिंह राठौड़ ने भी संबोधित किया।

प्रारंभ स्वागत उद्बोधन मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा ने किया व मारवाड़ राजपूत सभा द्वारा करवाने जा कार्यों पर प्रकाश डाला। आभार मारवाड़ राजपूत सभा के महासचिव के वी सिंह चांदरख ने व्यक्त किया। मारवाड़ राजपूत सभा के उद्धत उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह रन किया व कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह भांडू , नवल सिंह जोधा , ओमकरण सिंह, मुंजासर नारायण सिंह मुगदड़ा ,यशपाल सिंह खींची ,योगेंद्र सिंह खेतासर, महेन्द्र सिंह धीरा, भोम सिंह भनियाना ,स्वरूप सिंह सेवाऊ, नेपाल सिंह तेना ,विक्रम सिंह गोपालसर, श्रवण सिंह बारू व गोपाल सिंह भलासरिया ने किया ।

कार्यक्रम को राजपूत शिक्षा को उसके सचिव श्याम सिंह सजाड़ा ने भी संबोधित किया ।कार्यक्रम का संचालन रतन सिंह चंपावत व दौलत सिंह बाबरा ने किया।

समारोह में पूर्व सांसद डॉ नारायण सिंह माणकलाव , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़, कल्याण सिंह राठौड़ ,बिशन सिंह सोढा, आफरी के पूर्व निदेशक डॉक्टर त्रिलोक सिंह राठौड़, धनसिह उदावत , मनोहर सिंह खींची , पार्षद भवानी सिंह जोधा, मोहन सिंह जोधा , पूर्व पार्षद श्रीमती नेन कंवर , राजेंद्र सिंह लीलिया, देवेंद्र करण , दिलीप सिंह उदावत , शंभू सिंह मेड़तिया, हमीर सिंह सोढा , डॉ भूपेंद्र सिंह सोढा , नरपत सिंह मिंडकिया ,डॉ मनोहर सिंह राठौड़ ,भगवान सिंह तेना, प्रभु सिंह मेड़तिया, श्याम सुंदर सिंह , सुरेंद्र सिंह केतु, जालम सिंह , लादू सिंह सहित समाज के सैकड़ो व्यक्ति उपस्थित थे।

समारोह में आर ए एस , विभिन्न सेवाओं में चयनित अधिकारियों व कर्मचारियों व बारहवीं व दसवीं में 90 फीसदी अंक लाने वाले विद्यार्थियों व समाज सेवा में भूमिका निभाने वालो का सम्मान स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया।

होटल में घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग पकड़ा

पाली, (नि.सं.)। पाली जिले में अवैध पेट्रोल, डीजल, बायोडीजल बेचने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत टीपी थाना अनिता रानी, डीएसओ कमलकिशोर ने राष्ट्रीय राजमार्ग 162 पर अवैध रूप से संचालित बायो डीजल बिकी केन्द्रों व अवैध रूप से संचालित एलपीजी भण्डारण के होटल, ढाबों की सूचना मिलने पर एनएच 162 के पास खैरवा रोड पर संचालित होटल जंगल पर पहुंचे। जहां होटल मालिक को नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम शंकरलाल पुत्र हरजीराम देवासी निवासी राईको का बास वोपारी (सिरीयारी) होना बताया। जिस पर होटल की रसोई में चैक करने पर घरेलू गैस के तीन सिलेंडर दो भरे हुए व एक खाली मिला। दो चूल्हे मिले। उन्हें जब्त करने की करवाई की गई।

छाछरलाई कलां में शिविर लगा

बालोतरा, (निसं)। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने रविवार को प्रशासन गांवों की ओर सप्ताह के तहत पंचायत समिति कल्याणपुर की ग्राम पंचायत छाछरलाई कलां में शिविर का अवलोकन किया तथा ग्राम विकास अधिकारी एवं सरपंच को अधिक से अधिक जन भागीदारी बढाने हेतु निर्देशित किया।

पेंशन सत्यापन आधार कार्ड में सुधार के साथ-साथ पानी की समस्या सर्वाधिक सामने आई जिसे लेकर ग्राम विकास अधिकारी एवं सरपंच को निर्देश दिए की अभी से ही गर्मी के महीनो में होने वाली समस्या के समाधान का प्रयास करें साथ ही छाछरलाई पंचायत में निर्मित हो रहे धन्नाराम पुत्र डेमाराम एवं श्रवण राम पुत्र रामाराम के आवासों का भी निरीक्षण किया।

उत्कर्ष क्लासेस स्कॉलरशिप एंड एडमिशन टेस्ट संपन्न

उत्कर्ष क्लासेस ने अपने 22 वर्षों के सफर में पहली बार 'उत्कर्ष क्लासेस स्कॉलरशिप एंड एडमिशन टेस्ट' (यूसीएसएटी) का आयोजन किया।

जोधपुर, (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस ने अपने 22 वर्षों के सफर में पहली बार 'उत्कर्ष क्लासेस स्कॉलरशिप एंड एडमिशन टेस्ट' (यूसीएसएटी) के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने आगामी ऑफलाइन बैचेज में 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति प्रदान करने का अवसर दिया। यह परीक्षा आज उत्कर्ष क्लासेस के जयपुर, जोधपुर, प्रयागराज तथा इंदौर स्थित सभी ऑफलाइन केंद्रों पर सफलतापूर्वक आयोजित की गई जिसमें हजारों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह टेस्ट केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों के साथ-साथ नीट व जेईई के विद्यार्थियों हेतु आयोजित किया गया था। यह परीक्षा तीन अलग-अलग टाइम स्लॉट्स में आयोजित की गई जिसमें सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान तथा करेंट अफेयर्स के साथ ही नीट व जेईई, नर्सिंग एवं शिक्षा मनोविज्ञान के प्रश्न-पत्रों को शामिल किया गया।

उत्कर्ष क्लासेस के सीईओ डॉ. निर्मल गहलोत ने यूसीएसएटी के सफल आयोजन पर प्रबंधन व अन्य टीम को बधाई का पात्र बताते हुए कहा कि, यह पहल उन विद्यार्थियों के लिए एक बडा अवसर साबित हो सकती है जो अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर उच्च शिक्षा या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। इससे विशेषतया आर्थिक रूप से कमजोर परंतु मेधावी विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को निखारने का बेहतर मौका मिल सकता है। उत्कर्ष क्लासेस हमेशा इस पर प्रतिबद्ध रहा है कि कोई भी प्रतिभा केवल आर्थिक समस्याओं के कारण न पिछड जाए।

`निदेशक ने बताया कि यूसीएसएटी का परिणाम आगामी 25 दिसंबर को जारी कर दिया जाएगा। परिणाम आने के तीन माह के भीतर परीक्षार्थी उत्कर्ष के आगामी ऑफलाइन बैचेज में से अपने मनचाहे बैच में प्रवेश लेते समय स्वयं को प्राप्त स्कॉलरशिप के लिए दावा कर सकते हैं।

यूसीएसएटी परीक्षा में शामिल होने आए विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रश्न-पत्र को संतुलित और उनकी तैयारी के अनुरूप बताया। परीक्षा केंद्रों पर जमा हुए विद्यार्थियों ने कहा कि इस परीक्षा से न केवल उन्होंने अपनी तैयारी की परख की है बल्कि इसके माध्यम से उनके पास 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप के साथ ऑफलाइन तैयारी का अवसर भी प्राप्त हो रहा है। कई विद्यार्थियों ने यह उम्मीद जताई कि इस टेस्ट के माध्यम से उन्हें अपनी शिक्षा को आगे बढाने में आर्थिक सहायता मिलेगी। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और प्रसन्नता की झलक देखने को मिली।

जालोर में कलश यात्रा निकली

जालोर में गायत्री शक्तिपीठ की पुनः मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर कलश यात्रा निकाली।
फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के सामतरीपुरा रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ की पुनः प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर गायत्री मंदिर की ओर से रविवार को महिला व बालिकाओं ने शहर में कलश यात्रा निकाली। जो जालोर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कलशयात्रा गुजरी और शाम को प्रवचन कार्यक्रम का आयोजित हुआ

कार्यक्रम जिला समन्वयक सज्जनसिंह ने बताया- जालोर के सामतीपुरा रोड पर स्थित सुन्देलाव तालाब के पास स्थित गायत्री शक्तिपीङ्ग मंदिर की पुनः प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत रविवार को शोभायात्रा के साथ की गई। कलशयात्रा सुबह 11 बजे जालोर के गायत्री शक्तिपीठ मंदिर से 1100 महिला व बालिकाओं ने सिर पर कलश धारण कर रवाना हुई। जो पंचायत समिति, हरिदेव जोशी सर्कल, वन वे रोड व अस्पताल चौराहा सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः सुन्देलाव तालाब पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर समाप्त हुई।

शोभायात्रा के माध्यम से नारी शक्ति का संदेश दिया। इस दौरान शहर में जगह-जगह व्यापारियों ने फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर गायत्री मंदिर के द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

उन्होंने बताया कि शाम को 4 से 6 बजे तक तालाब पर प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

आयोजन के तहत सोमवार से जालोर के सुन्देलाव तालाब पर तीन दिवसीय 24 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन 8 से 12 बजे तक होगा। वहीं 12 से 2 बजे तक भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। इसके बाद शाम 4 से 6 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके बाद भोजन प्रसादी सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

परिश्रम व दृढ़ता से सफलता मिलेगी : परमार

जालोर, (कासं)। जालोर जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी चिदम्बरा परमार ने कहा कि आपको जीवन में पढ लिखकर कुछ बनना है, तो लक्ष्य निर्धारित कर दृढ निश्चय के साथ कडा परिश्रम करना होगा। यह बात उन्होंने रविवार को जालोर के श्रीशांतिनाथ गुरुकुलम् घुमन्तू छात्रावास में आयोजित स्वेटर वितरण कार्यक्रम में कही।

चिदम्बरा ने बच्चों को सफलता के गुर सिखाते हुए कहा कि आपको अपने गुरु के प्रति आदर भाव रखना चाहिए। गुरु ही है जो आपके जीवन को सही दशा और दिशा दे सकता है। उन्होंने अपने स्कूल जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उन्हें साइंस और गणित विषय काफी पसंद थे, जिसमें उन्हें पूरे में से पूरे मार्कस मिलते थे, लेकिन संस्कृत विषय कङ्गिन लगता था। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। संस्कृत विषय को अतिरिक्त समय दिया और उन्हें संस्कृत विषय में भी सफलता मिली। इसलिए आप सभी बच्चों को भी कठिन विषय से दूर नहीं भाग कर उस विषय को अतिरिक्त समय देकर समझने की कोशिश करनी चाहिए। निरंतरता और कडी मेहनत से आपको कठिन विषय सरल लगने लगेगा। कार्यक्रम में उन्होंने घुमन्तू समाज के बच्चों के साथ बातचीत की तथा उनके साथ भविष्य निर्माण को लेकर चर्चा भी की। साथ अपने अनुभव भी साझा किए। घुमन्तू छात्रावास संचालन समिति ने चिदम्बरा परमार का स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम में घुमन्तू समाज के बच्चों ने ढोल की थाप पर लोकगीतों की प्रस्तुत देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के हाथों से घुमन्तू समाज के बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। छात्रावास संचालन समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर रांदड, सचिव कानाराम परमार, कोषाध्यक्ष गोपाल जोशी, आदर्श विद्या मंदिर के जिला सचिव अजय गुप्ता, विद्या भारती के निदेशक के.एन. भाटी, अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित, छात्रावास अधीक्षक छगनलाल, सोम भारती, ललित राजपुरोहित समेत छात्रावास के बच्चे उपस्थित थे।

रामानुजन का जन्म दिवस, राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

जालोर में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास तत्वावधान में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाकर रामानुजन स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया।
फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास जालोर के तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय गणित दिवस पर रामानुजन स्मरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने श्री रामानुजन के व्यक्तित्व एवं राष्ट्रीय उन्नति में गणित की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गणित शिक्षक एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार दवे ने कहा कि श्री रामानुज भारत की गौरवशाली गणित परंपरा के उज्जवल नक्षत्र थे। मात्र 33 वर्ष के जीवन काल में उन्होंने गणित की 3800 से अधिक प्रमेय सृजित की, संकलित की जिन पर आज भी दुनिया भर के गणितज्ञ कार्य कर रहे हैं । इन्हें आधुनिक काल के महानतम गणित विचारकों में गिना जाता है। उन्होंने कहा कि गणित अत्यंत आनंददायक विषय है जो अन्य सभी विषयों के साथ जुडा हुआ है। खेलों के माध्यम से गणित को सरलता से सिखाया जा सकता है।

इस अवसर पर गणित के विद्वान एवं सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार सोलंकी ने जीवन के सभी क्षेत्रों में गणित के महत्व को समझाते हुए कहा कि व्यक्ति जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत गणित से जुडा रहता है। अपने रामानुजन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह अत्यंत महान गणितज्ञ थे। इससे पूर्व कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए आदर्श शिक्षण संस्थान के जिला सचिव अजय गुप्ता ने वैदिक साहित्य में गणित के उल्लेख को समझाते हुए कहा कि भारत में अत्यंत प्राचीन काल से गणित अध्ययन की परंपरा रही है। आचार्य भारती कृष्ण तीर्थ जी द्वारा वैदिक गणित के माध्यम से प्राचीन गणित परंपरा को पुनर्जीवित किया गया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता शिक्षक संदीप जोशी ने कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अत्यंत महत्वपूर्ण आधार है एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी की नींव गणित पर टिकी हुई है। इसलिए राष्ट्र की उन्नति के लिए नई पीढी को गणित के साथ जोडना एवं गणित के भय को समाप्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा का विस्तार से उल्लेख है। भारत में गणित अध्ययन-अध्यापन की अत्यंत उज्जवल परंपरा रही है।

उन्होंने आर्यभट्ट वराह मिहिर ब्रह्मगुप्त रामानुजन इत्यादि गणितज्ञ का उल्लेख करते हुए कहा कि गणित की गौरवशाली ज्ञान परंपरा के आधार पर ही भारत ने जीवन के सभी क्षेत्रों में उन्नति अर्जित की।

रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वीर प्रसूता भारत भूमि वीरों के साथ-साथ अनेक अदभूत विद्वानों की भी जननी रही है। जिनकी विलक्षण प्रतिभा का लोहा पूरी दुनिया मानती है। 134 वर्ष पूर्व भारत की रत्नगर्भा भूमि पर जन्म लेने वाले श्रीनिवास रामानुजन एक ऐसी ही अदभूत प्रतिभा थे। जिनके गणितिय ज्ञान से दुनिया आज भी चमत्कृत है और इतने वर्षों बाद आज तक उनके गणित के कार्यों पर शोध कार्य चल रहे हैं।

पांच परिवर्तन एवं पांच प्रण दोनों में स्वत्व के प्रति गौरव भाव का का जागरण करने की आवश्यकता बताई गई है।

ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में भारत का अत्यंत समृद्ध इतिहास रहा है शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा भारत की गौरवशाली ज्ञान विज्ञान परंपरा को पुनः जागृत करने के प्रयास किया जा रहे हैं।

वहीं डाइट के उपाचार्य शांतिलाल दवे, प्रेम सिंह राठौड, देशा राम माली, ललित राजपुरोहित, हरीओम परिहार ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

इस अवसर पर सुरेंद्र नाग ,तेनसिंह परमार कल्पेश बोहरा, वसंत ओझा, पोकरमल दाधीच, सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किशोर सिंह राजपुरोहित ने किया।।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर जालौर में गणित विषय के श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया गया।। इसमें संतोष कुमार दवे मुकेश सोलंकी प्रेम सिंह राठौड एवं देशा राम माली का श्रेष्ठ गणित शिक्षक के रूप में श्रीफल एवम माला सम्मान किया।

कांग्रेस नेताओं ने विरोध जताया

पाली, (नि.सं.)। भाजपा सरकार के एक साल को विफल बताते हुए प्रभारी पूर्व केबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद, राजकूमार जयपाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, जिला प्रभारी हरिश चौधरी, पुर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, पाली विधायक भीमराज भाटी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपने चुनावी वादों पर खरी नहीं उतरी है। इस मौके पर पीसीसी महासचिव प्रवीण कोठारी, निम्बाराम गरासिया, पाली शहर ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा, नेता प्रतिपक्ष हकीम भाई, पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष हाजी मेहबूब टी, महिला प्रदेश महासचिव नीलम बिड़ला, महिला जिलाध्यक्ष ऐश्वर्या सांखला, संगठन महामंत्री भंवर राव, मदनसिंह जागरवाल आदि मौजूद रहे।

भाचरणा में 574 लाख रुपये के कार्यों का शिलान्यास

जोधपुर, (कासं) । संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र लूणी की ग्राम पंचायत सतलाना के चैनपुरा भाटान एवं ग्राम पंचायत भाचरणा में सार्वजनिक निर्माण विभाग के 574 लाख रूपये के विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 20 हजार 470 किमी सड़क निर्माण और सड़क विकास पर 14 हजार 679 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

पटेल ने कहा श्रद्धेय अटल बिहारी के स्वप्न को साकार रूप देने के लिए संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल (एमपीकेसी) लिंक परियोजना के माध्यम से चंबल और इसकी सहायक नदियों के पानी आपस में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने पर राजस्थान में विकास के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। उन्होंने कहा ताजेवाला से शेखावाटी के लिए पानी लाने के समझौते से पेयजल एवं सिंचाई के लिए समुचित जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।साथ ही लिफ्ट केनाल तृतीय फेज का कार्य पूर्ण होने पर जोधपुर की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित होगा।

हर किसान बनेगा ऊर्जादाता : पटेल

पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के कृत संकल्प है। इस उद्देश्य से प्रदेश में बिजली के क्षेत्र में अनेक समझौते किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हर किसान ऊर्जादाता होगा।

संसदीय कार्य मंत्री ने आहवान करते हुए कहा रसद विभाग के 'गिव अप अभियान' में ऐसे उपभोक्ता जो सक्षम हैं और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ उठा रहे हैं, उन्हें नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए स्वेच्छा से योजना से नाम हटवा लेना चाहिए। जिससे योजना का मूल उद्देश्य वास्तविक गरीब और जरूरतमंद लोगों तक खाद्यान्न पहुंचाया जा सके।

पटेल ने कहा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, ऊँट संरक्षण एवं विकास मिशन से पशुपालकों का आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा किसानों को आदान-अनुदान एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के मूंग का क्लेम शीघ्र दिलवाया जाएगा।साथ ही क्षेत्र में पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए अवैध कनेक्शन काटे जाएंगे और उनके विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आमजन से संवाद कर मांगे सुझाव

संसदीय कार्य मंत्री ने जनसभा में आमजन से संवाद कर क्षेत्रवासियों से सुझाव मांगे। इस दौरान परम्परागत जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार सहित विकास संबंधी अनेक सुझाव प्राप्त हुए।

संसदीय कार्य मंत्री ने भाचरणा से रोहिचा फांटा डामर सड़क निर्माण कार्य (4 किमी) लागत राशि 95 लाख रूपये,भाचरणा से भाकरी सड़क पर पुलिया निर्माण कार्य लागत राशि 250 लाख रूपये और सतलाना से चैनपुरा भाटान सड़क पर पुलिया निर्माण कार्य लागत राशि 229 लाख रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में सरपंच भाचरणा धाई देवी, सरपंच सतलाना श्रीमती तारादेवी, जिला परिषद सदस्य चैनाराम पटेल, पं.स. सदस्य श्रीमती संतोष कंवर, रावताराम बिंजारिया, पोलाराम सुथार, भंवराराम पटेल, महेंद्र सिंह बेरू, भलाराम, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मोहम्मद शरीफ, विकास अधिकारी लूणी कंवरलाल सोनी,पीएचईडी के सहायक अभियंता महीराम बिश्नोई सहित कई जने उपस्थित रहे।

छेड़छाड़ के आरोपी को सजा

पाली, (नि.सं.)। पाली में घर में नाबालिग लड़की को अकेला देख कर एक युवक ने उससे छेड़छाड़ करते हुए रेप करने का प्रयास किया था। मामले में पॉक्सो कोर्ट संख्या दो के जज जगदीश जाणी ने सुनवाई की। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद अभियुक्त संदीप को छेड़छाड़ का दोषी मानते हुए 5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

विशिष्ठ लोक अभियोजक मनीष ओझा ने बताया कि ब्यावर जिले के जैतारण थाने में 17 मई 2024 को पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट ई थी।

संजय सैनी प्रदेश अध्यक्ष व सुरेश पारीक प्रदेश महासचिव निर्वाचित

जयपुर, । जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के द्विवार्षिक चुनाव में संजय कुमार सैनी प्रदेश अध्यक्ष, सुरेश पारीक प्रदेश महासचिव व कौशल मूंदड़ा प्रदेश कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश कुमार शर्मा व सहायक चुनाव अधिकारी योगेश सैन ने बताया कि जार के चुनाव रविवार को निर्विरोध सम्पन्न हुए, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार सैनी अध्यक्ष, दैनिक जोधपुर एक्सप्रेस के संपादक सुरेश पारीक प्रदेश महासचिव, राजस्थान पत्रिका उदयपुर के संवाददाता कौशल मूंदड़ा कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। इसी तरह से वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र सिंह शेखावत जयपुर, ओम चतुर्वेदी वरिष्ठ पत्रकार व लेखक पाली, भूपेन्द्र ओझा वरिष्ठ पत्रकार भीलवाड़ा, कुश मिश्रा एडिटर दैनिक अमित अक्षर, दैनिक पत्रिका ब्यूरो बारां, अनुराग हर्ष वरिष्ठ पत्रकार, शहजाद खान ब्यूरो चीफ दैनिक राष्ट्रदूत भीलवाड़ा, विवेक वैष्णव ब्यूरो चीफ पंजाब केसरी चित्तौडगढ़, जगदीश शर्मा संवाददाता जयपुर ग्रामीण, नानालाल आचार्य ब्यूरो चीफ जनप्रहरी एक्सप्रेस उदयपुर, यतीश व्यास संवाददाता दैनिक राष्ट्र का वाचन कोटा अरुण बाहेती संपादक पब्लिक साथी अजमेर निर्वाचित हुए हैं।